an>

Title: Need to convert National Highway No.79 between kishangarh in Rajasthan and Ahmedabad into six lane.

**श्री चन्द्र प्रकाश जोशी (चित्तौड़गढ़) :** माननीय उपाध्यक्ष महोदय, राजस्थान के व्यस्ततम राÂट्रीय राजमार्ग संख्या 79 पर किशनगढ़ से अहमदाबाद मार्ग वर्तमान में फोर-लेन बना हुआ है। उपरोक्त मार्ग किशनगढ़ से भीलवाड़ा, चित्तोड़गढ़, उदयपुर, डूंगरपुर एवं गुजरात राज्य के अंदर से गुजरता है। किशनगढ़ से अहमदाबाद तक की दूरी लगभग 550 किलोमीटर के रास्ते में किशनगढ़ की मार्बल मण्डी, गुलाबपुरा के उद्योग, भीलवाड़ा के वस्तृ उद्योग, चित्तौड़गढ़ की मार्बल इकाइयां, जिंक संयंतृ, सीमेन्ट उद्योग का भारी परिवहन, उदयपुर के पर्यटन व्यवसाय के वाहन, अहमदाबाद तक जाने वाली चिकित्सा सुविधा वाले वाहन सहित हजारों की संख्या में सभी पृकार के वाहन इस मार्ग पर चलते हैं। वर्तमान में यातायात एवं परिवहन के साधनों की संख्या को देखते हुए फोर-लेन मार्ग उक्त दबाव को सहने में सक्षम नहीं है, इसके कारण वर्तमान में कई जगह मार्ग क्षतिगृस्त भी हो गया है। किशनगढ़ से अहमदाबाद फोन-लेन से जुड़ हुए कई पृसिद्ध धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थल भी हैं, जैसे चित्तौड़गढ़ का पृसिद्ध दुर्ग, सांवलिया सेठ का मंदिर, उदयपुर के मनोरम पृाकृतिक स्थान एवं अन्य कई पृसिद्ध स्थान भी हैं, जहां पर देश-विदेश से अनेक सैलानी भी आते हैं। यातायात एवं परिवहन के साधनों के उपयोग के आधार पर देखा जाए तो यह राजस्थान का सबसे व्यस्ततम मार्ग है। उपरोक्त सभी कारणों के देखते हुए किशनगढ़ से अहमदाबाद के वर्तमान फोर-लेन को सिक्स-लेन में परिवर्तन करने पर पर्यटन उद्योग एवं औद्योगिक इकाइयों के साथ-साथ आम जन-जीवन को भी सुविधा मिलेगी, साथ ही समय की भी बचत होगी।

अतः सदन के माध्यम से मेरा माननीय सड़क परिवहन एवं राÂट्रीय राजमार्ग मंतृी जी से अनुरोध है कि राÂट्रीय राजमार्ग संख्या 79 की क्षतिगृस्त स्थिति को देखते हुए इसे सिक्स-लेन में परिवर्तित करने की योजना को शीघृ स्वीकृत करने की कार्रवाई करें। इस मार्ग का कार्य शीघृ पृारम्भ होने पर आमजन का राहत मिलने के साथ ही इस क्षेतृ के विकास को भी गति मिलेगी।